कार्यालय

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक

छिंदवाड़ा वनवृत्त, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश – 480001

Email-cfchhindwara@mpforest.org Tel./Fax No.07162-245470

क्रमांक/मा.चि./ 4077 छिंदवाड़ा, दिनांक 02 AUG 2021

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल
छिंदवाड़ा

विषयः– तानसी कोल परियोजना हेतु 206.826 हे. वनभूमि प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।
(प्रकरण क्रमांक/FP/MP/MIN/44238/2020)

संदर्भः– आपका कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2738 दिनांक 06.07.21

---000---

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र से प्राप्त प्रस्ताव तानसी कोल परियोजना हेतु 206.826 हे. वनभूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित प्रस्ताव में निम्न कमियां/त्रुटियों की पूर्ति कर शीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करेंः–

1. प्रकरण का परीक्षण करने पर पाया गया है प्रस्तावित स्थल 7 पेंचेस में है अतः स्पष्ट करें की प्रत्येक पेंचेस की एक दुसरे से दूरी कितनी है एवं प्रस्ताव भूमिगत होने से उनसे कनेक्टिविटी का पर्याय क्या है।
2. प्रस्ताव में प्रपत्र फार्म ए 3 प्रकार का पृथक–पृथक जानकारी भरा हुआ लगा है। कारण स्पष्ट करें एवं जो सही फार्म ए भरा हो केवल उसे ही लगायें शेष फार्म प्रस्ताव से पृथक कर देवें।
3. प्रस्ताव में वन अधिकारी अधिनियम 2006 के तहत कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है।
4. वनमंडलाधिकारी के स्थल निरीक्षण रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित एरिया सतपुड़ा–पेंच टाईगर रिजर्व कारीडोर अंतर्गत आता है। प्रस्तावित एरिया को सर्वे ऑफ इंडिया स्केल 1:2,50,000 के सतपुड़ा टाईगर कारीडोर मैप पर मार्क कर उनकी संरक्षित क्षेत्रों से दूरी मार्क करें।
5. उक्त प्रकरण नवीनीकरण का है या नया प्रस्तावित स्थल है स्पष्ट करें।
6. प्रस्तावित एरिया को वन क्षेत्र के नक्शे पर मार्क कर संलग्न करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(के. के. भारद्वाज)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

पृ.क्रमांक/मा.चि./ 4078 छिंदवाड़ा, दिनांक 02 AUG 2021

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक डब्ल्यू.सी.एल. कन्हान क्षेत्र डुंगरिया की ओर की ओर सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

Tansi coal west